**दिनांक : 31.10.25** **समय : 07.10pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रधानमंत्री ने की विकसित भारत के लिये देशवासियों से एकजुट होने की अपील ।
- प्रदेश के 70वां स्थापना दिवस कल, विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन।
- मुख्यमंत्री कल पीएमश्री हवाई पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा का करेंगे शुभारंभ।
- अगले 24 घंटों प्रदेश के 11 जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना।

**एकता दिवस**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का सपना साकार करने के लिये लोगों से एकजुट होकर खुद को समर्पित करने की अपील की है। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर गुजरात के एकता नगर में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में उन्होंने भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि द्वादश ज्योतिर्लिंग, शक्तिपीठ और चार धाम राष्ट्र की जीवन शक्ति का प्रतीक हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों और धर्मों के लोगों को एक सूत्र में पिरोते हैं।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने लोगों को एकता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने भव्य एकता दिवस परेड का भी अवलोकन किया जिसमें बीएसएफ, सीआरपीएफ और मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्य पुलिस बलों की टुकड़ियों ने 'अनेकता में एकता' की थीम को दर्शाती दस जीवंत झांकियां प्रस्तुत कीं।

**एकता दिवस–प्रदेश**

प्रदेश में भी राष्ट्रीय एकता दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजभवन के अधिकारी–कर्मचारियों को एकता दिवस पर शपथ दिलाई। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में एकता व सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई और रन फार यूनिटी' मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रदेश के सभी पुलिस थाना स्तर पर आज सुबह 'एकता दौड़' रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। सागर जिले में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने एकता दिवस पर शपथ दिलाई। वहीं अशोकनगर के में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। राजगढ़ में आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, सांसद रोडमल नागर ने एकता दिवस की शपथ दिलाई। सीहोर, धार, सतना,शहडोल,मंदसौर, सिंगरौली सहित अन्य जिलों में भी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आज रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया।

**पीएम आर्य सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि लाला लाजपत राय जैसे अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने आर्य समाज से प्रेरणा ली और स्वयं को स्वतंत्रता आन्दोलन के लिए समर्पित कर दिया। आज दिल्ली में अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि आर्य समाज एक ऐसा संगठन है कि जो निर्भीक होकर भारतीयता की बात करता है। प्रधानमंत्री ने स्वामी दयानंद सरस्वती को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**स्थापना दिवस**

प्रदेश के स्थापना दिवस के मौके पर राजधानी भोपाल के लाल परेड ग्राउण्ड में कल से 3 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। कल शाम साढ़े छह बजे कार्यक्रम का शुभारंभ ड्रोन शो से होगा। 2 और 3 नवंबर को सम्राट विक्रमादित्य पर आधारित महानाट्य का आयोजन होगा। साथ ही

विभिन्न कलाकारों द्वारा सुगम संगीत की प्रस्तुति दी जायेगी। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य की महागाथा को बताया जायेगा।

सीहोर, नीमच, और पन्ना सहित अन्य जिलों में भी कल मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया जायेगा ।

## हेलीकॉप्टर सेवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल राजा भोज एयरपोर्ट भोपाल से 'पीएम श्री हवाई पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा' का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर प्रदेश को पर्यटन के क्षेत्र में मिलने जा रही इस नई हेलीकॉप्टर सेवा का नियमित संचालन आगामी 20 नवम्बर से होगा। इस अवसर पर केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, भारत के विधि और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेंद्र लोधी भी उपस्थित रहेंगे।

**जीएसटी**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी सुधार पिछले महीने की 22 तारीख से लागू किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने इसे बचत उत्सव का नाम दिया है, और इससे पूरे देश के उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है। खंडवा के अधिवक्ता एवं कर सलाहकार आदर्श दशोरे ने जीएसटी पर दी गई छूट को लेकर अपने विचार साझा किये हैं...**

## देव प्रबोधिनी एकादशी

देव प्रबोधिनी एकादशी के अवसर पर कल शाम दीपोत्सव पर्व–2025 के तहत राम पथ गमन क्षेत्र के 9 स्थलों पर 3 लाख 51 हजार 111 दीपों से भगवान राम, माता सीता, माँ नर्मदा, माँ मंदाकिनी की दीप आराधना की जाएगी। दीप प्रज्वलन के साथ ही भक्ति संगीत संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। भक्ति संगीत संध्या में प्रदेश के ख्यातिलब्ध कलाकार भाग लेंगे। श्रीरामचन्द्र पथ गमन न्यास द्वारा यह आयोजन चित्रकूट के राघव प्रयाग घाट–पंचवटी घाट, अमरकंटक के रामघाट, मैहर की आल्हा तलैया, नर्मदापुरम् के सेठानी घाट, कटनी के कटायेघाट तालाब, पन्ना के धरम सागर तालाब, उमरिया के प्राचीन सगरा मंदिर में होगा।

## मौसम

प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बारिश का दौर जारी है। इससे दिन के तापमान में कमी आई है। कई शहरों में दिन का तापमान 23 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

## संक्षिप्त समाचार

- केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर में चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का आज शुभारंभ हुआ।
- आगरमालवा में सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में निःशुल्क लर्निंग लाइसेंस कैम्प में 52 छात्राओं के लाइसेंस बनाए गए तथा यातायात नियमों की जानकारी दी गई।
- अशोकनगर के शासकीय महाविद्यालय में आज युवा संगम कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की 07 कम्पनियों ने 73युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किए ।
- मध्यप्रदेश राज्य हज कमेटी ने हज राशि जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 7 नवंबर कर दी है।
- **ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में खेले गए पाँच मैचों की सीरीज़ के दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत को 4 विकेट से हरा दिया। 126 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, मेजबान टीम ने 13.2 ओवर में 6 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली।**